Bihar Board Class 8 Hindi Solutions Chapter 14 पीपल

प्रश्न 1.
पीपल का पेड़ हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी है ?
उत्तर:
पीपल का पेड़ हमारे लिए सदैव उपयोगी है । वह हमें शीतल छाया प्रदान करती है। पीपल का पेड़ प्राणियों के लिए प्राणवायु (ऑक्सीजन) छोड़ता है तथा हमारे द्वारा छोड़ा गया दूषित वायु को ग्रहण करता है।

प्रश्न 2.
कैसा वातावरण मिलने पर बुल-बुल गाने लगती है।
उत्तर:
जब वर्षा ऋतु आती है तथा शीतल हवा का झोंका पाकर पत्ते हिलने लगते हैं तो बुलबुल का गाना भी सुनाई पड़ने लगता है।

प्रश्न 3.
वन्य प्रान्त के सौंदर्य का वर्णन कीजिए।
उत्तर:
वन्य प्रांत का सौंदर्य दर्शनीय होता है। विविध प्रकार के पेड़, लताएँ, झरना, झील और नदियों से बना प्रांत की शोभा मारम होती है। चिड़ियों का कलरव, मोर का नाचना, हंस की क्रीड़ा ये सभी जंगल की शोभा की बढ़ाते रहते हैं।

पाठ से आगे

प्रश्न 1.
निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।

(क) ऊपर विस्तृत नभ नील-नील
नीचे वसुधा में नदी झील
जामुन, तमाल, इमली, करील
जल से ऊपर उठता मृणाल
फनगी पर खिलता कमल लाल

भावार्थ – वन प्रदेश में ऊपर नीले-नीले आकाश के नीचे धरती पर कहीं नदी तो कहीं झील हैं। जामुन आदि विविध प्रकार के पेड़ हैं। झील में लाल-लाल कमल खिले हैं जिससे वन प्रदेश की शोभा मनोरम हो रही है।

(ख) हैं खड़े जहाँ पर शाल, बांस
चौपाये चरते नरम घास
निर्झर, सरिता के आस-पास
रजनी भर रो-रोकर चकोर कर देता है रे रोज भोर
नाचा करते हैं जहाँ मोर।

https://www.evidyarthi.in/

भावार्थ – वन प्रदेश में जहाँ ऊँचे-ऊँचे शाल और बाँस के पेड़ हैं। वहाँ-वहाँ चौपाया जानवर चरते दिखते हैं । वन प्रदेश में नदी और झरने भी हैं। रात में चकोर की आवाज और दिन में मोर का नाच होते रहता है।

व्याकरण

प्रश्न 1.
पाठ में आए योजक चिह्न वाले शब्दों को लिखिए।
उत्तर:

1. युग-युग ।
2. नील-नील ।
3. बूंद-बूँद ।
4. कलकल-छलछल ।
5. ढल ढल-ढल-ढल ।
6. गोल-गोल ।
7. डोल-डोल ।
8. जब-जब ।
9. चुन-चुनकर ।
10. हिल-डुल ।
11. लख-लख ।
12. सुन-सुन ।
13. चह-चह ।
14. बह-बह ।
15. रह-रह ।
16. कोटर-कोटर ।
17. आस-पास ।
18. चिर-आलिंगन।

प्रश्न 2.
पर्यायवाची शब्द लिखिए
उत्तर:

1. तरु-पेड़ ।
2. कानन–जंगल ।
3. सरिता-नदी ।
4. वसुधा-धरती ।
5. वयारहवा।

https://www.evidyarthi.in/